Web: www.uttaranchaldeep.com    Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:28 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:23 बजे


सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी    वर्ष 18 अंक 119 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु.    बुधवार, 29 अक्टूबर 2025




किंग से लीक हुआ शाहरुख खान...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### वीपीकेएएस में ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**अल्मोड़ा।** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (वीपीकेएएस) में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की ओर से ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला आयोजित हुई। संस्थान के निदेशक और नराकास अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी कांत ने संस्थान में हो रही हिंदी की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज हिंदी का प्रयोग हर क्षेत्र में काफी सरल हो गया है। सभी सदस्य कार्यालयों को राजभाषा विभाग से निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सभी सदस्य कार्यालयों को तिमाही और छमाही राजभाषा रिपोर्ट भरने में सहायक सिद्ध होगी। भारतीय स्टेट बैंक के हिंदी अधिकारी संजय कुमार यादव ने नराकास से संबंधित छमाही रिपोर्ट के सभी 21 बिंदुओं से संबंधित विशिष्ट उपलब्धियों पर रोचक जानकारी दी। कार्यशाला में अल्मोड़ा नगर के केंद्रीय सरकार के विभागों, कार्यालयों, उपक्रमों, सशस्त्र बलों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारियों, प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। संचालन करते हुए मुख्य तकनीकी अधिकारी और नराकास सदस्य सचिव रेनू सनवाल ने सभी का आभार जताया।

### 10 से यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए मतदान

**बागेश्वर।** जिले में कांग्रेस ने यूथ अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी हैं। यूथ कांग्रेस के जोनल चुनाव अधिकारी आजाद बहादुर सिंह ने पत्रकारवार्ता में बताया कि यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए 10 नवंबर से नौ दिसंबर तक मतदान होगा। मंगलवार को उन्होंने कांग्रेस जिला कार्यालय में बताया कि कांग्रेस एक संवैधानिक संगठन है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष तक चुनाव के माध्यम से चुने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए 24 अक्तूबर से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया 30 अक्तूबर तक जारी रहेगी। केवल यूथ कांग्रेस के सदस्यों को ही मतदान का अधिकार दिया जाएगा।

# जिले के नवनियुक्त पुलिस कप्तान के समक्ष कई चुनौतियां

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी



**जिम्मेदारी**

- ट्रैफिक जाम, नशे की तस्करी और बढ़ते अपराधों पर लगाम के साथ-कानून-व्यवस्था को दुरुस्त कर जनता का भरोसा जीतना होगा बड़ी जिम्मेदारी

जिले की कमान संभालते ही नए एसएसपी मंजूनाथ टीसी के सामने कई गंभीर चुनौतियाँ खड़ी हैं। शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था, बढ़ते जाम, नशे के कारोबार और लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण उनकी प्राथमिकता में रहेगा। पिछले कुछ महीनों से नैनीताल और हल्द्वानी में ट्रैफिक जाम की समस्या ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। पर्यटक सीजन में हालात और भी खराब हो जाते हैं। शहर की संकरी सड़कों पर वाहन रेंगते हुए चलते हैं, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भारी परेशानी होती है। नई तैनाती के बाद एसएसपी मंजूनाथ टीसी के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस अव्यवस्थित यातायात को सुधारना और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली को लागू करना होगी। इसी के साथ, जिले में हिट एंड रन की घटनाएँ भी लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। बेपरवाह ड्राइविंग और सख्त निगरानी के अभाव में इन मामलों में इजाफा हुआ है। एसएसपी के सामने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और नियमों के सख्त पालन को सुनिश्चित करने की चुनौती भी रहेगी। नैनीताल जिले के कुछ इलाकों में स्मैक और चरस की तस्करी ने भी पुलिस के लिए सिरदर्द पैदा किया है। पहाड़ के रास्तों से होकर गुजरने वाली नशे की अवैध खेपों पर अंकुश लगाना नई पुलिस व्यवस्था की बड़ी जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा, हाल के दिनों में हुई चोरी और लूट की घटनाओं ने भी लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। इन सबके बीच सबसे अहम लक्ष्य जनता का विश्वास बहाल करना होगा। पिछले कुछ विवादित मामलों के बाद पुलिस की छवि को लेकर उठे सवालों के बीच एसएसपी मंजूनाथ टीसी से लोगों को नई उम्मीदें हैं। वे अपनी सादगी, ईमानदारी और संतुलित कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं, और माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में नैनीताल पुलिस प्रशासन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। जिले की कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, अपराध पर अंकुश लगाना और आम जनता के साथ पुलिस की विश्वसनीयता को पुनर्स्थापित करनाकृयही मंजूनाथ टीसी की नई पारी की सबसे बड़ी कसौटी होगी। ... संबंधित खबर पेज 4 पर

**सीएम साथ में किया जलपान, फिर कर दी ये घोषणा**

# मुख्यमंत्री धामी ने मिलम में बढ़ाया जवानों का मनोबल




पिथौरागढ़
हमारे संवाददाता

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ जिले के मिलम में चीन सीमा पर तैनात आईटीबीपी जवानों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया।

सीएम पुष्कर सिंह धामी पिथौरागढ़ जिले के मिलम पहुंचे और उन्होंने चीन सीमा पर देश की सुरक्षा में तैनात आईटीबीपी के जवानों का मनोबल बढ़ाया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदि कैलाश, गुंजी, ज्योलिंगकांग क्षेत्रों का दौरा किया। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पहुंचे हैं। उनके यहां पहुंचने से सैनिकों का हौसला बढ़ा है और वे सीमा पर दुश्मनों के दांत खट्टे कर रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने आईटीबीपी के जवानों के साथ जलपान भी किया। इसके बाद सीएम जिला मुख्यालय पहुंचे और देवसिंह मैदान में आयोजित सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सीमांत जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिस तरह प्रधानमंत्री के आने के बाद आदि कैलाश क्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र के विश्व भर में प्रसिद्धि मिली है।

इसी तरह मिलम को भी टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाया जाएगा। इससे जिले का पर्यटन कारोबार नई उड़ान भरेगा और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

# चोरों ने बंद घर खंगाला 40 हजार नकद व सोने के जेवरात किए पार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



**घटना**

- घटना के समय परिवार के सदस्य कुछ समय के लिए पड़ोसी के घर गए हुए थे

आर्मी कैंट क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखी नगदी और सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए।

घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य कुछ समय के लिए पड़ोसी के घर गए हुए थे। वादी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकुमार, पुत्र (सेना में नायब सूबेदार), निवासी क्वार्टर नंबर 49/1, आर्मी कैंट, हल्द्वानी, ने कोतवाली हल्द्वानी में दी तहरीर में बताया कि दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे से 11:30 बजे के बीच उनका परिवार किसी कार्यवश पड़ोसी के घर गया हुआ था। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। वादीनुसार, जब परिवार वापस लौटा तो पाया कि घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखे बक्से का ताला भी तोड़ा गया था। पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चोर बक्से में रखी करीब 40,000 नगद राशि और सोने के आभूषण कृ एक अंगूठी, मंगलसूत्र, नाक की डायमंड कील और सोने की नथ (कुल वजन लगभग 2 तोला) चोरी कर ले गए। राजकुमार ने पुलिस से आग्रह किया है कि अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उनका सामान बरामद कराया जाए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# एएनटीएफ यूनिट और पुलिस की 1025 ग्राम अवैध अफीम समेत तस्कर दबोचा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

पुलिस और एएनटीएफ यूनिट ने चैकिंग के दौरान भारी मात्रा में अफीफ के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही पुलिस के मुताबिक किच्छा कोतवाली के एसआई बसन्त प्रसाद, कांस्टेबल मदन नाथ,मनोज कुमार क्षेत्र में संदिग्ध वस्तु, शांति व्यवस्था रोकथाम के लिए वाहनों की चैकिंग करते हुए महराया रोड पर पहुंचे। इसी बीच महराया रोड पर चैकिंग कर रहे। तभी एनीएफ के हैड कांस्टेबल भुवन पाण्डेय, विनोद खत्री मिले। कुछ दूरी पर मलपुरा की ओर से एक व्यक्ति आ रहा था। पुलिस को देख वह भागने की कोशिश की। पुलिस ने शक होने पर उसे पकड लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जोगराज पुत्र किशन लाल निवासी ग्राम अंजनी थाना सिरौली तहसील आवला जिला बरेली यूपी बताया। उसके हाथ से बरामद थैली में अफीम होना बताया है। । पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसके गाँव में अफीम की खेती होती है। खेतो में काम करता हूं। खेतो से थोडी -थोडी करकर इक्ट्ठा कर अपने जानने वाले को लालच में आकर यहां बेचने की बात भी बताई। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही।

# आज गढ़वाल मंडल में चक्का जाम, यूनियनों का भी मिला समर्थन

देहरादून
हमारे संवाददाता



विभिन्न मांगों को लेकर आज पूरे गढ़वाल मंडल में चक्का जाम है। ऋषिकेश में अलग-अलग स्थानों पर वाहनों का संचालन रोका गया। देहरादून और पर्वतीय क्षेत्रों की यूनियनों का भी समर्थन मिला है।

परिवहन महासंघ के आह्वान पर आज पूरे गढ़वाल मंडल में चक्का जाम किया गया। चक्का जाम के लिए देहरादून और पर्वतीय क्षेत्रों की यूनियनों का भी समर्थन मिला। ट्रांसपोर्टरों ने ऋषिकेश में अलग-अलग स्थानों पर वाहनों का संचालन रोका। व्यावसायिक वाहनों पर दो साल के टैक्स की छूट देने सहित कई अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे वाहन चालकों ने आज चक्का जाम किया है। सभी जीप और टैक्सियों का संचालन ठप है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्णभूमी टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष मदन मोहन नवानी ने बताया की उन्होंने हड़ताल को सभी चालकों पर छोड़ा है। वहीं जय माँ जिलासू चंडीका टेक्सी यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंडारी ने कहा की हड़ताल को उनका पूरा समर्थन है।

उन्होंने कहा कि ऋषिकेश स्थित आरटीओ कार्यालय में बनाए गए फिटनेस सेंटर को शीघ्र शुरू किया जाए। चारधाम यात्रा धीमी रहने से चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, इसलिए व्यावसायिक वाहनों पर दो साल के टैक्स की छूट दी जाए और हर साल टैक्स में पाँच प्रतिशत वृद्धि के नियम को समाप्त किया जाए। इन मांगों में एआरटीओ कार्यालय परिसर में वाहनों की फिटनेस को पूर्व की भांति शुरू करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने, वाहन स्वामियों को एक साल का टैक्स माफ करने, वाहन चालकों को सहायता देने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने, आपदा में अधिग्रहण करने वाले वाहनों का किराया बढ़ाने, ट्रकों की भार क्षमता बढ़ाने, राष्ट्रीय परमिट से अच्छादित वाहनों में एकरूपता लाने आदि का आश्वासन दिया।

# जनता के सहयोग से होगा सफल स्वछता अभियान : महापौर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल केंद्र द्वारा हल्द्वानी में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हल्द्वानी के महापौर गजराज सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने शहर को साफ-सुथरा बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

महापौर बिष्ट ने नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही देश को स्वच्छ बनाया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा, यदि हर बच्चा और हर नागरिक यह संकल्प ले कि अपने आस-पास की सफाई हमारी आदत और जिम्मेदारी है, तो स्वच्छता स्थायी रूप से कायम रह सकती है। उन्होंने लोगों से स्वयं जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया कि वे कम से कम अपने घर, गली या एक निश्चित स्थान को स्वच्छ रखने का निश्चय करें। उनका यह आह्वान स्वच्छ हल्द्वानी के सपने को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक पांडे, तत्वयोगा केंद्र की निदेशक तनीषा और डीएसए के प्रबंधक नितिन पांडे शामिल थे। केंद्रीय संचार ब्यूरो की नोडल अधिकारी श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने अभियान के उद्देश्य को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया, हमारी संस्कृति में स्वच्छता को सेवा माना गया है। भारत सरकार का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से सामूहिक जागरूकता, सहभागिता और स्वयंसेवी भावना को प्रोत्साहित करना है। स्वच्छ भारत मिशन की आधिकारिक वेबसाइट इस अवसर को और भी आकर्षक बनाने के लिए भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने विजेता प्रतिभागियों ङ्क प्रीतम, मिताशी, कनिका और अन्य को पुरस्कार प्रदान किए। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल स्वच्छता का संदेश फैलता है, बल्कि युवा पीढ़ी में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी जागृत होती है। यह कार्यक्रम यह दर्शाता है कि स्थानीय प्रशासन और केंद्र सरकार की एजेंसियाँ मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नागरिक सहयोग और सरकारी प्रयासों के मेल से ही हल्द्वानी को देश के सबसे साफ शहरों में शुमार किया जा सकता है।



# नैनीताल से बुर्जुर्गो की यात्रा बद्रीनाथ धाम के दर्शन हेतु रवाना

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दीन दयाल उपाध्याय मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को बद्रीनाथ धाम के दर्शन हेतु प्रथम दल जिसमे 32 यात्रियों (18 महिलायें एवं 14 पुरूष) को चार दिवसीय यात्रा हेतु रवाना गया।

बता दें यात्रा मंगलवार को नैनीताल से शुरु होकर रानीखेत, कर्णप्रयाग, जोशीमठ, श्री बद्रीनाथ होकर वापस नैनीताल लौटेगी। यात्रा को पर्यटक आवास गृह तल्लीताल बस स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भण्डारी एवं पर्यटक आवास गृह तल्लीताल कुमायूँ मण्डल विकास निगम के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बगवाड़ा में संदिग्ध हालात में शिक्षिका की जलकर मौत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

घटना

● पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मृतका यहां पर यूपी निवासी एक व्यक्ति के साथ केयर टेकर रुप में रह रही थी

चौकी बगवाड़ा क्षेत्र में एक शिक्षिका की घर में ही संदिग्ध हालात में जल कर मृत्यु हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक

कौशल्या फेस दो निवासी 52 वर्षीय सुषमा पंत किच्छा स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षिका थी। वह अकेली थी और उसके साथ यूपी निवासी विवाहित अजय मिश्रा 14-15 साल से केयर टेकर के रूप में रह रहा था। अजय मिश्रा दक्ष चौराहे पर होटल चलाता है। मंगलवार सुबह सुषमा पंत घर पर ही थी, जबकि अजय मिश्रा सुबह सवा सात बजे मुख्य गेट पर ताला लगाकर होटल पर चला गया। इस दौरान सुषमा ने घर के बाहर से गुलाब के फूल पूजा पाठ के लिए तोड़े। दोपहर में जब अजय मिश्रा घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था, जब उसने दरवाजे को धक्का दिया तो सुषमा की जली लाश देखकर उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। बाद में सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र गंगवार ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएसआइ नवीन बुधानी, एसआइ मोहन जोशी, एएसआई नवीन जोशी और फोरेंसिक टीम प्रभारी सत्य प्रकाश रायपा पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही घटनास्थल से साक्ष्य संकलन कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अजय मिश्रा पर उसकी जलाकर हत्या का आरोप लगाया। कोतवाल ने बताया कि मामला संदिग्ध है। अजय मिश्रा से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पुष्टि हो पाएगी कि उसकी जलाकर हत्या की है या आत्महत्या है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

## NEWS / फटाफट

### 3 नवंबर को होगी डीएसबी परिसर में व्यंजन प्रतियोगिता

**नैनीताल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग नैनीताल अनुलेखा बिष्ट ने अवगत कराया कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती के अवसर पर पोषण को बढ़ावा देने हेतु 3 नवंबर(सोमवार) को कुविवि के डीएसबी कैंपस नैनीताल में स्थानीय व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। बिष्ट ने प्रतियोगिता में समिलित होने वाले इच्छुक प्रतिभागियों से अपील की है कि वह मोबाइल नंबर 9548884307 पर कॉल करअपना पंजीकरण करवा सकते हैं ताकि वह व्यंजन प्रतियोगिता में समिलित हो सकें।

### नैनीताल की ज्वंलत समस्याओं का जल्द हो समाधान:चौधरी

**नैनीताल ।** नैनीताल की जनसरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर जल्द उनके समाधान की गुजारिश की है। जनहित संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने राज्य कर विभाग नैनीताल में तैनात सहायक आयुक्त को पत्र भेजकर जीएसटी की संशोधित दरों को सार्वजनिक करने की गुजारिश की है ताकि जनता को पता चल सके कि 22 सितंबर 2025 से लागू जीएसटी दरों के बारे में आम जनमानस को पता चल सके। इसके साथ ही चौधरी ने पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल से गुजारिश की है कि नैनीताल की शान समझी जाने वाली माल रोड में रात्रि 8 बजे के बाद से लेकर रात्रि 11 बजे तक ई-रिक्शों का संचालन किया जाए ताकि लोगों को पूर्व की तरह ही माल रोड में ई रिक्शा की सुविधा मुहैया हो सके।

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने किया पौधरोपण



**नैनीताल ।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधा रोपण अभियान मंगलवार को 470वें दिन भी जारी रहा। अभियान के 470वे दिन पर्यटक आवास गृह लोहाघाट में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत आवास गृह परिसर में आवास गृह के कर्मचारियों केसाथ पौधारोपण किया गया। दिनेश गुरुरानी ने कहा उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम में आवास गृह केप्रबंधक हरीश पुनेठा समेत विकास थापा, विनीत कुमार तथा भूपेंद्र सिंह आशु शामिल रहे।

### कुविवि दीक्षांत समारोह तैयारियां: परिसर निदेशक प्रो.शर्मा ने ली समितियों के संयोजकों की बैठक



**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि नैनीताल के डीएसबी परिसर में 4 नवंबर (मंगलवार) को होने वाले 20 वें दीक्षांत समारोह के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर लिया गया है । इसी मुद्दे को लेकर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने मंगलवार को समितियों के सभी संयोजकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की जिसमें सभी से अपने अपने कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए । बैठक में दीक्षांत कार्यक्रम के संदर्भ में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई । बैठक में प्रो. जीत राम, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. आर. पी. जोशी, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट तथा प्रो. दीपिका गोस्वामी तथा डॉ. अशोक कुमार आदि शामिल रहे ।

### मयंक चिववाल ने रक्तदान पर मरीज की मदद की

**नैनीताल ।** एक कदम अच्छाई की ओर रकतदान संस्था के सदस्य मयंक चिलवाल द्वारा ओ पॉजिटिव रक्तदान कर एक मरीज की सहायता की गई। दूसरी ओर एक कदम अच्छाई की ओर रकतदान संस्था ने चिलवाल हृदय से आभार व्यकत किया है साथ ही आपके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष व संस्थापक अभिषेक मुल्तानिया युवी, सचिव रवि कुमार, विनय विद्यार्थी, दीपक जोशी, निर्मल कुमार एवं चिकित्सालय की ओर से डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं मंडल के नव नियुक्त एडी शिव प्रसाद सेमवाल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊं मंडल नैनीताल के पद पर मंगलवार को शिव प्रसाद सेमवाल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

बता दें सेमवाल अब तक मुखय शिक्षा अधिकारी टिहरी के पद पर कार्यरत थे। उत्तराखंड शासन द्वारा उन्हें अपर निदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है। उत्तराखंड शासन द्वारा गजेन्द्र सिंह सौन को अपर निदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) कुमाऊं मण्डल तथा शिवप्रसाद सेमवाल को (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊं मंडल के पद पर पदोन्नति दी गयी है। सेमवाल द्वारा अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊं मण्डल का पदभार ग्रहण करने पर कार्यालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। नवनियुक्त अपर निदेशक सेमवाल ने कहा वह शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु निरन्तर प्रयास करेंगे। इसके अलावा शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं और उनके प्रकरणों का समाधान किया जायेगा।

# साइबर क्राइम एवं साइबर सिकियोरिटी जागरूकता कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता



अखिल भारतीय महिला परिषद नैनीताल के द्वारा मंगलवार को साइबर क्राइम एवं साइबर सिकियोरिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय पॉलिटेनिक में किया।

इस अवसर पर मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल रही जबकि विषय विशेषज्ञ के रुप में पुलिस महकमे के हेड कॉन्टेबल संदीप सिंह तथा शिवेंद सिंह समेत डॉ स्वाति साह प्रवकता टूरिज्म विभाग कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल आदि ने समाज में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम संबंधी विषय पर गहन चिंतन मंथन किया और साइबर क्राइम से सचेत रहने के लिए आवश्यक जानकारियां दी। कहा कि कोई भी समस्या आने पर साइबर सेल 1933 से संपर्क करने की बात रखी। इस दौरान पालीटेकनिक के छात्रों ने कई प्रश्न पूछे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. एस. गौड़ तथा प्रवकता भावना तथा स्वाति खाती एवं समस्त शिक्षकों सहित छात्र -छात्राओं ने साइबर क्राइम एवं निवारण संबंधित जानकारी प्राप्त की। आशा शर्मा (आशा फ उंडेशन की अध्यक्ष) ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इससे पूर्व अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी के द्वारा सभी का स्वागत किया गया जबकि परिषद की सचिव प्रीति शर्मा तथा तारा बोरा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर परिषद की ओर से रेखा त्रिवेदी, गीता पांडे, अमिता साह तथा रेखा पंत आदि पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# अभिमत

## गलत क्या?

*निर्भया कांड में छात्रा रात को अपने दोस्त के साथ फिल्म देखकर आ रही थी। दुर्गापुर में छात्रा अपने दोस्त के साथ हॉस्टल से रात को बाहर गई थी। अपराधियों को दिन में कम और रात में वारदात का मौका ज्यादा मिलता है। निर्भया कांड से पूरे देश ही नहीं विदेश में भी भारत की छवि को धक्का लगा था। ऐसा महसूस किया जाने लगा जैसे भारत में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, जबकि दुनिया के कई देशों की तुलना में भारत में अपराध कम हैं। ममता बनर्जी के बयान को सीख मानना हितकर होगा।*

अपराध रोकने की जिम्मेदारी सरकार की है। दुर्गापुर में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर मिलीजुली प्रतिक्रिया हो रही है। मुख्यमंत्री बनर्जी के बयान को विवादित बताया जा रहा है। दरअसल ममता बनर्जी स्वयं महिला हैं, इसलिए उनके बयान को लेकर चर्चा हो रही है। ममता बनर्जी द्वारा देर रात छात्राओं को बाहर न निकलने की सलाह में आखिर गलत क्या है? सभी माता-पिता अपनी बेटियों को यही सिखाते हैं। हमेशा से यही कहा जाता रहा है कि संस्कारवान घरों की लड़कियां देर रात बाहर नहीं जाती हैं। यह कटु सत्य है कि लड़कियों के लिए जमाना कभी नहीं बदला। साक्षरता, आधुनिकता और विकास की बातें नये सोच की हैं। महिलाओं के प्रति सोच को बदलना कठिन है। कुछ वर्ष पूर्व राजधानी दिल्ली में निर्भया कांड भी रात में हुआ था। दुर्गापुर में हॉस्टल से रात साढ़े बारह बजे छात्रा बाहर गई तो दुष्कर्म हुआ। क्या हॉस्टल में रहने वाले छात्र-छात्राओं को नियमों का पालन नहीं करना चाहिए? उत्तराखंड के मेडिकल कालेज के हॉस्टल में देर रात पार्टी, डांस और शोरशराबा होने पर गार्ड छात्रों को रोकने गये तो उनसे हाथापाई की गई। पुलिस को बुलाना पड़ा। निस्संदेह नागरिकों की सुरक्षा सरकार का दायित्व है, लेकिन नागरिकों को भी कर्तव्य का पालन करना चाहिए। सरकार हर नागरिक को सुरक्षा कर्मी प्रदान नहीं कर सकती। हर घर पर पहरेदार नियुक्त नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री बनर्जी के बयान में कमियां निकालने वाले गिरेबां में झांके कि वह अपनी और परिवार व समाज की सुरक्षा के प्रति कितने संवेदनशील हैं? बुनियादी हकीकत यह है कि समाज में सभी लोग दूध के धुले नहीं हैं। आपराधिक मानसिकता वालों की कमी नहीं है। आधुनिकता, मोबाइल फोन और तकनीक के विस्तार ने अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। निर्भया कांड में छात्रा रात को अपने दोस्त के साथ फिल्म देखकर आ रही थी। दुर्गापुर में छात्रा अपने दोस्त के साथ हॉस्टल से रात को बाहर गई थी। अपराधियों को दिन में कम और रात में वारदात का मौका ज्यादा मिलता है। निर्भया कांड से पूरे देश ही नहीं विदेश में भी भारत की छवि को धक्का लगा था। ऐसा महसूस किया जाने लगा जैसे भारत में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, जबकि दुनिया के कई देशों की तुलना में भारत में अपराध कम हैं। ममता बनर्जी के बयान को सीख मानना हितकर होगा।

# लॉग जम्प जूनियर वर्ग में प्रदीप बिष्ट ने प्रथम

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



31वीं वाहिनी पीएसी के खेल मैदान में चल रहे सप्तम अंतर पीएमएस खेल प्रतियोगिता का दूसरे दिन सेनानायक आईपीएस पंकज भटट खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया।

इसके बाद जूनियर बालक वर्ग कैरम प्रतियोगिता में पुलिस माडर्न स्कूल हरिद्वार के नितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता, सीनियर बालिका वर्ग में पुलिस मार्डन स्कूल हरिद्वार की अंशिका नेगी प्रथम, सीनियर बालक वर्ग लॉन्ग जम्प प्रतियोगिता में 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार के श्रेयस ने प्रथम एवं 40वीं वाहिनी के अभिनव ने द्वितीय एवं पुलिस मॉर्डन स्कूल देहरादून के जयंत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सीनियर बालिका वर्ग लॉन्ग जम्प प्रतियोगिता में 40वीं वाहिनी की रिशिका प्रथम, पुलिस मॉर्डन स्कूल देहरादून की मानसी द्वितीय एवं पुलिस मॉर्डन स्कूल देहरादून की काजल तीसरे स्थान पर रही। लान्ग जम्प जूनियर बालक वर्ग में पीएमएस 31वीं वाहिनी के प्रदीप बिष्ट प्रथम, पीएमएस हरिद्वार के वंश द्वितीय एवं पीएमएस रूद्रपुर दीपक कुलेगी तीसरे स्थान पर रहे। लान्ग जम्प जूनियर बालिका वर्ग में पीएमएस देहरादून की निशा प्रथम, पीएमएस हरिद्वार की जिया द्वितीय एवं पीएमएस रूद्रपुर की सपना तृतीय स्थान पर रही।

लॉंग जम्प सब जूनियर बालक वर्ग में पीएमएस हरिद्वार के आयुष प्रथम,पीएमएस रूद्रपुर के करनदीप द्वितीय, पीएमएस 40 पीएसी के विष्णु तीसरे स्थान पर रहे। लान्ग जम्प सब जूनियर बालिका वर्ग में पीएमएस 40पीएसी की जान्हवी प्रथम, पीएमएस देहरादून की अराध्या द्वितीय,पीएमएस रूद्रपुर की सौम्या मेहरा तृतीय। सीनियर बालक वर्ग 100मीटर में पुलिस मार्डन स्कूल 40पीएसी के साहिल प्रथम,40पीएसी के सौरव द्वितीय,देहरादून के तनिष्क तीसरे स्थान पर रहे सीनियर बालिका वर्ग 100मीटर में पुलिस मार्डन स्कूल 40पीएसी की रिषिका प्रथम, देहरादून की मानसी द्वितीय और देहरादून की काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही कबडडी बालक वर्ग के प्रथम मैच में पीएमएस रूद्रपुर ने पीएमएस देहरादून को हराया एवं द्वितीय मैच में पीएमएस हरिद्वार ने पीएमएस 40 पीएसी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वालीबाल का द्वितीय सेमीफाइनल मैच में पीएमएस हरिद्वार एवं पीएमएस 40 पीएसी के मध्य हुआ। जिसमें पीएमएस 40 पीएसी ने सीधे सेटों में 2-0 से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। सेनानायक पंकज भट्ट ने बताया कि आज शाम को समापन होगा।

## 72 ट्रेटा पैक अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मण्डी बाईपास क्षेत्र से एक व्यक्ति को 72 ट्रेटा पैक अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से संतरा मार्का ब्रांड की शराब बरामद की गई है, जिसे वह बिना किसी लाइसेंस के ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक प्रेमराम विश्वकर्मा मय कांस्टेबल ललित मेहरा के साथ निजी वाहन से शांति व्यवस्था एवं अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान, मुखबिर खास ने सूचना दी कि एक व्यक्ति मण्डी बाईपास पीडब्ल्यू गेट के पास सफेद रंग के कट्टे में शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति घबराकर भागने लगा, लेकिन टीम ने दौड़कर उसे पकड़ लिया।

# राष्ट्रपति की प्रस्तावित नैनीताल यात्रा हेतु राज्यपाल ने की अधिकारियों के साथ बैठक

नैनीताल
हमारे संवाददाता




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 4 नवंबर (मंगलवार) को प्रस्तावित नैनीताल यात्रा के मद्देनजर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को राजभवन नैनीताल में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली।

बैठक में राज्यपाल ने राष्ट्रपति के भ्रमण को गरिमापूर्ण, भव्य एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाओं को गुणवत्तायुक्त और समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपति की यात्रा प्रदेश के लिए गौरव का अवसर है अतः सभी अधिकारी समन्वय एवं जिमेदारी के साथ अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें।बैठक में बताया गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नैनीताल राजभवन के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। इसके अलावा वह कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी तथा कैंचीधाम मंदिर में बाबा नींब करौली महाराज के दर्शन करेंगी।

बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊँ एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, प्रबंध निदेशक केएमवीएन विनीत तोमर, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक यातायात जगदीश चंद्रा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## फिल्मी दुनिया

# किंग से लीक हुआ शाहरुख खान का तलवारबाजी वाला सीन



*फिल्म किंग से एक्शन सीक्वेंस के लीक होने की खबर सामने आई है। ऐसा कहा जा रहा है कि तलवारबाजी करते हुए फोटो में शाहरुख ही नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म अभी रिलीज से काफी दूर है, लेकिन इसके सेट से जुड़ी खबरें और चर्चाएं लगातार सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हाल ही में इंटरनेट पर एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें दावा किया गया कि यह फिल्म किंग के एक तलवारबाजी एक्शन सीक्वेंस का लीक हुआ सीन है। लेकिन क्या यह तस्वीर सच में असली है? या फिर यह सिर्फ एक फैन मेड जनरेटेड कॉन्सेप्ट है? मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हुई, जिसे देखकर फैन्स में उत्साह की लहर दौड़ गई। तस्वीर में सूट पहने एक शख्स कई हथियारबंद लोगों से तलवारों के साथ लड़ता नजर आ रहा था। तस्वीर में बैकग्राउंड पूरी तरह से पीले कलर का नजर आ रहा है। इसके अलावा दोनों तरफ मूर्तियां दिख रही थीं। यह तस्वीर किसी मॉनिटर पर दिखाई दे रही थी, जैसे सेट पर शॉट चेक करते समय होती है। इस तस्वीर को सबसे पहले एक एसआरके फैन क्लब ने किंग एक्शन सीक्वेंस कैप्शन के साथ शेयर किया था। इसके बाद फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक पॉपुलर पेज 'लेस्ट सिनेमा' ने भी इसे शेयर करते हुए लिखा- फिल्म किंग में शाहरुख खान! बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर शाहरुख के फैन्स के कमेंट्स की बाढ़ आ गई।*

### रिलीज डेट अब भी रहस्य

*फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, किंग को एक मेगा-बजट एक्शन थ्रिलर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें इंटरनेशनल स्टाइल के फाइट सीक्वेंसेज और हाई-टेक विजुअल्स देखने को मिलेंगे।*

# भाजपा की ऊधम सिंह नगर के मंडल प्रभारियों की सूची जारी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**जिम्मेदारी**
- अनुभव और संगठनात्मक सक्रियता को ध्यान रखते हुए कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी

भाजपा ने ऊधमसिंह नगर जिले के संगठन को और मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिला अध्यक्ष कमल कुमार जिंदल ने मंडल प्रभारियों की सूची जारी की।

यह सूची जिला प्रभारी राकेश नैनवाल और सह प्रभारी साकेत अग्रवाल की सहमति से जारी की गई है। जारी सूची के मुताबिक जिले के 17 मंडलों में नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। पार्टी ने अनुभव और संगठनात्मक सक्रियता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है।

घोषित मंडल प्रभारियों की सूची में सुभाष चन्द्र बोस मंडल अक्षय अरोरा,-सरदार पटेल मंडल संजीव खन्ना, संत कबीर मंडल अमित पांडे, शहीद भगत सिंह मंडल हरीश खानवानी, पंतनगर मंडल प्रमोद मित्तल, किच्छा ग्रामीण मंडल शालिनी बोरा, किच्छा नगर मंडल अमित नारंग, बरा मंडल गजेन्द्र प्रजापति, शक्तिफॉर्म मंडल गोपाल बोरा, सितारगंज मंडल रोशन अरोरा, नानकमत्ता नगर मंडल आदर्श ठाकुर, नानकमत्ता ग्रामीण मंडल संतोष अग्रवाल,झनकट मंडल सतीश गोयल,कंजाबाग मंडल आदर्श चौहान, नौसर मंडल विमला बिष्ट,खटीमा नगर मंडल राकेश त्यागी,चकरपुर मंडल इन्द्रपाल सिंह मान। जिला अध्यक्ष जिंदल ने कहा कि नए मंडल प्रभारी आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मज़बूत करेंगे और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे उन्होंने सभी नव नियुक्त प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन ही शक्ति है, और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा का अभिन्न अंग है।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन शिक्षा में रचा नया इतिहास

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने एक बार फिर ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका को सिद्ध करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के प्लेटफॉर्म पर उत्तराखंड राज्य के विश्वविद्यालयों में सर्वाधिक संचालित करने का गौरव प्राप्त किया है। जुलाई 2025 सत्र में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 12 में कुल 42,454 शिक्षार्थियों ने नामांकन किया, जो किसी भी एक सत्र में अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। अब तक विश्वविद्यालय में 2,06,536 शिक्षार्थी नामांकित हो चुके हैं, जिनमें 60 से अधिक देशों




के विद्यार्थी सम्मिलित हैं। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा यह उपलब्धि न केवल हमारे शिक्षकों, विषय विशेषज्ञों और तकनीकी टीम की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह हमारे शिक्षार्थियों के विश्वास और समर्पण का भी प्रतीक है।

दो लाख से अधिक नामांकन हमारे इस संकल्प को और मजबूत करते हैं कि हम उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ, लचीला और प्रासंगिक बनाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि डिजिटल शिक्षा को सीमाओं से परे ले जाकर हर विद्यार्थी तक पहुँचाया जाए।卐 हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा सामग्री के स्थानीयकरण की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। बोर्ड ने विश्वविद्यालय के एक कोर्स को 8 भारतीय भाषाओं में अनुवाद हेतु चयनित किया है, जो भाषाई समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुलपति प्रो. लोहनी ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उन्नयन पर विशेष ध्यान दे रहा है।

साथ ही, स्थानीय स्तर पर ई-कंटेंट निर्माण सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था और तकनीकी मानव संसाधन के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य चल रहा है।प्रेस कांफ्रेंस का समापन कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी द्वारा विश्वविद्यालय परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य में और ऊँचाइयाँ छूने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योजना बोर्ड एवं मान्यता बोर्ड के सदस्य और राष्ट्रीय परीक्षा संस्था (एन टी ए) के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी, विश्वविद्यालय के मान्यता बोर्ड के सदस्य प्रो. एच सी पोखरियाल, विश्वविद्यालय के निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं प्रो. गिरिजा पाण्डेय, निदेशक अकादमिक प्रो. पी डी पंत, कम्प्यूटर साइंस के निदेशक प्रो. जितेंद्र पाण्डेय, पत्रकारिता एवं मीडिया के निदेशक प्रो. राकेश चंद्र रयाल भी मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### वरिष्ठ पत्रकार गिरधर की माता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे कई नेता

**रुद्रपुर** । वरिष्ठ पत्रकार व एडवोकेट सुरेन्द्र गिरधर की माता रामरक्खी देवी के निधन की सूचना पर बार एसोसिएशन आफ़ इंडिया के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा, एड. प्रवीण कोठारी,जमील अहमद, पूर्व सांसद बलराज पासी,भारत भूषण चुघ,कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी,वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा,प्रदेश प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय,पीसीसी राजेन्द्र सिंह,हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश,शैलेंद्र शर्मा,ज़िलाध्यक्ष हिमांशु गाबा,महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा,रजनीश बतरा,राजेंद्र शर्मा,पूर्व ज़िलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट,संदीप चीमा,सतीश कुमार,पंकज लोहनी,अनिल शर्मा आदि ने आवास पर पहुंच शोक व्यक्त करते हुए माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मिनी गोल्फ 19 वर्ष से कम आयु के स्कूली बालक एवं बालिका वर्ग रुद्रपुर,यूएस नगर टीम घोषित

**रुद्रपुर।** द मिनी गोल्फ संगठन उत्तराखंड के तत्वाधान में सत्येंद्र चंद्र गुड़िया लॉ कॉलेज काशीपुर में आयोजित 19 वर्ष से कम आयु के स्कूल बालक एवं बालिका वर्ग की रुद्रपुर एवं जिला ऊधम सिंह नगर मिनी गोल्फ टीम का चयन किया गया। उक्त उक्त चयन ट्रायल में रुद्रपुर के कई स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में जिला ऊधम सिंह नगर की टीम में निम्न खिलाड़ी चुनी गई। जिसमें कुमारी अंशिका मिश्रा, कुमारी अवरूप कौर, जैनका धामी,हर्षिता,अनन्या, रिद्धिमा,दिव्या, निकुंज सैनी चुनी गई ह्यजबकि बालक वर्ग में रुद्रपुर सिटी टीम में प्रज्ञान बिष्ट ,हिमांक सिंह तनिष्क सिंह राणा, ललित बिष्ट, वंशअग्रवाल, रणदीप सिंह, परनीत सिंह,जंक्शन सिंह, अनुकल्प जायसवाल को चुना गया। की टीम बालक वर्ग टीम में शुभम राजपुरोहित, भावेश, लविश भंडारी,जबकि वर्षदीप चीमा, मनराज सिंह ,लवण जोशी,कार्तिक जोशी,आयुष कुंदन,तथा गर्व सिंह राणा चुने गए ह्यकाशीपुर में आयोजित इस चयन प्रक्रिया में चयन करता के रूप में प्रगति दुमका ,श्वेता भाकुनी, काशीष शर्मा, लोकेश चंद्र पांडे ,जया पांडे, नमन कुमार, दीपक गुप्ता, डॉक्टर पीके बक्शी थे।

# मालिकाना हक को लेकर 73वें दिन में भी जारी रहा धरना

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बागजाला निवासियों को जो जहां पर काबिज है वहीं पर मालिकाना हक देने, बागजाला को राजस्व गाँव बनाने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पेयजल योजना का काम पूरा करने, बिजली कनैक्शन पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनावों में सम्मिलित करने सहित 8 मांगों को लेकर पिछले 18 अगस्त 25 से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज 73वें दिन में भी जारी रहा।

73 वें दिन के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने आयी अखिल भारतीय किसान महासभा बिन्दुखत्ता की वरिष्ठ किसान नेता विमला रौथाण ने धरना सभा को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा की केन्द्र सरकार के नक्शे कदम पर हमारे प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों किसानों को उनके घर, जमीनों से उजाड़ने की नीतियां बनाकर उजाड़ने की कोशिश कर रही है उन्होंने कहा सरकार समय रहते अपनी उजाड़ने की नीति की जगह बसाने की नीति बनाकर जनता के प्रति अपना




उत्तरदायित्व निभाकर जनता के साथ न्याय करे । अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को से.नि. प्रधानाध्यापक गणेश राम, प्रेम सिंह नयाल, रेशमा, विमला, दीवान सिंह बर्गली, मो. सुलेमान मलिक, आनन्द सिंह नेगी आदि ने भी सम्बोधित किया । धरना प्रदर्शन में हरक सिंह बिष्ट, आनंद सिंह नेगी, दौलत सिंह कुंजवाल, वेद प्रकाश, गोपाल सिंह बिष्ट, विमला रौथाण, गणेश राम, प्रेम सिंह नयाल, धनीराम आर्य, सिद्धार्थ, रेखा, खजान चंद, कंचन, भोला सिंह, विमला देवी, सुनीता देवी, नीमा देवी, दिनेश चंद्र, जयापुर निशा, रेशमा, डॉ. उर्मिला रेंसवाल, बिमला पांडे, हेमा आर्य, हेमलता, तुलसी देवी, हरी गिरी, दीवान सिंह बरगली, हेमा देवी, सोहनलाल, चंदन सिंह मटियाली, राधा, रेखा, रानी, गंगा देवी, मोहम्मद जमील, सिद्दीकी नसीम अहमद, मोहम्मद सुलेमान मलिक आदि ने भागीदारी की । सभा का संचालन अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला के सचिव वेद प्रकाश ने किया ।

# सेंट लॉरेंस स्कूल में 'समर्पण' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'समर्पण' का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम हल्द्वानी के मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों में संरक्षिका शांति जोशी, निदेशक सुनील जोशी, प्राचार्या अनीता जोशी, तथा द बेस की प्राचार्या रेनू जोशी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने हिमाचली व राजस्थानी नृत्य, दादा-दादी पर आधारित नाटक, योग प्रदर्शन तथा देशभक्ति से परिपूर्ण 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि बिष्ट ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन प्राचार्या अनीता जोशी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



# वित्तीय प्रबंधन में उत्तराखंड श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल, मिला दूसरा स्थान

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम) ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए देश के सभी राज्यों की सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सूचकांक की आकलन रिपोर्ट जारी की है।

वित्तीय प्रबंधन में उत्तराखंड देश के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। हिमालयी राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर है, जबकि पहले स्थान पर अरुणाचल प्रदेश व तीसरे स्थान पर मेघालय है।

अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम) ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए देश के सभी राज्यों की सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन सूचकांक की आकलन रिपोर्ट जारी की है। उत्तराखंड ने वित्तीय अनुशासन व राजकोषीय समायोजन में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। एजेएनआईएफएम केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख संस्थान है, जो वित्तीय प्रबंधन व राजकोषीय नीति के क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण प्रदान करता है।

रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड की जीएसडीपी 3,32,998 करोड़ की है।



इसमें राज्य ने 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। प्रति व्यक्ति आय 2,46,178 रुपये है। उत्तराखंड ने शिक्षा व स्वास्थ्य पर कुल व्यय का 18 प्रतिशत खर्च किया है। उत्तराखंड ने कोविड महामारी से पहले वित्तीय वर्ष 2020 में अपने कुल राजस्व का आधे से ज्यादा हिस्सा अपने संसाधनों से जुटाया था। इसके बाद से कुल राजस्व में उत्तराखंड का हिस्सा लगातार बढ़ रहा है। उत्तराखंड का कर राजस्व वित्त वर्ष 2020 से 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। इसमें जीएसटी 14 प्रतिशत, पेट्रोलियम व शराब पर नौ प्रतिशत, स्टांप एवं पंजीकरण शुल्क पर 23 प्रतिशत, राज्य उत्पाद शुल्क में 10 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर रही है।

### शगुन कनवाल करेंगी राज्य स्तरीय एथलेटिकस में प्रतिभाग

**नैनीताल** । नैनीताल जिले की राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खुर्पाताल के दुर्गम विद्यालय के चार बच्चों का चयन बॉस्केटबाल और चार का एथलेटिकस में हुआ जिसके बाद प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शगुन कनवाल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

शगुन की इस कामयाबी पर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ. नीरजा पांडे समेत बीना फुलेरा समेत शिक्षकों व स्टाफ ने खुशी जताई है।

# बॉटनी की शोधार्थी डा.रिया गुप्ता पोस्ट डाकटोरल हेतु चयनित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविधालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग की शोध छात्रा रही डॉ. रिया गुप्ता का यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन एन अर्बोर यूएसए में पोस्ट डाकटोरल के लिए चयन हुआ है ।

बता दें कि डॉ. रिया गुप्ता ने अपना शोध प्रोपेगेशन ऑफ मेडिशनल प्लांट एंड देयर परफ ॉर्मेंस इन फ ील्ड कंडीशंस इन नैनीताल कुमाऊं हिमालय विषय पर वनस्पति विज्ञान



विभाग की प्रो. नीलू लोधियाल के निर्देशन में पूर्ण किया है । डॉ. रिया अब मॉलिकयुलर मैकेनिज्म व सिंथेटिक एंड प्लांट डेरिवेड नैनोस्केल वेजिकल्स मीडियटेड टिशू रिपेयर एंड सिग्नलिंग विषय पर शोध करेंगी ।

डॉ. रिया की सफ लता पर विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो.नीलू लोधियाल,प्रो. सुषमा टमटा सहित कूटा के महासचिव डॉ विजय कुमार,डॉ संतोष कुमार,प्रो. अनिल बिष्ट, प्रो. दीपिका गोस्वामी, डॉ उमंग सैनी,डॉ पैनी, डॉ दीपिका पंत तथा डॉ रितेश साह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# एसएसपी पीएन मीणा को भावभीनी विदाई, संभाली नैनीताल की कमान

**हल्द्वानी/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बीती शाम कोतवाली सभागार में आयोजित समारोह में पुलिस कर्मियों ने एसएसपी पीएन मीणा को भावभीनी विदाई दी।

समारोह में अधिकारियों और कर्मियों ने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों और चुनौतियों को साझा किया। वहीं, नव नियुक्त एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बुधवार को नैनीताल जिले की कमान संभाल ली। पीएन मीणा के कार्यकाल में कई गंभीर घटनाओं ने जिले की कानून-व्यवस्था को चुनौती दी। फरवरी 2024 में हुए बनभूलपुरा दंगे ने हल्द्वानी को राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया था। हिंसा में कई लोगों की मौत हुई और स्थिति को



नियंत्रित करने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी थी।

कर्फ्यू लगाए जाने के बाद ही हालात सामान्य हो सके। बाद में विवेचना पर भी सवाल उठे। इसके अलावा, मई में मासूम बच्ची से दुष्कर्म और अगस्त में काठगोदाम में बच्चे की हत्या जैसे जघन्य अपराधों ने जिले का माहौल तनावपूर्ण बना दिया। इन मामलों के खुलासे में देरी से पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी आलोचना हुई। वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के दौरान सदस्यों के अपहरण की घटना ने मामला विधानसभा से लेकर हाईकोर्ट तक पहुंचाया, जहां एसएसपी को कानून-व्यवस्था बिगड़ने पर फटकार मिली थी।

अब नैनीताल जिले की जिम्मेदारी 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी मंजूनाथ टीसी को सौंपी गई है। वे पूर्व में अल्मोड़ा और ऊधमसिंह नगर में एसएसपी रह चुके हैं तथा अभिसूचना मुख्यालय में एसपी के पद पर तैनात थे। मंजूनाथ अपनी सादगी, अनुशासन और संतुलित कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। जिले में उनकी नियुक्ति से पुलिस प्रशासन में नई ऊर्जा की उम्मीद की जा रही है।